Enuncia Global
Media & Broadcasting

# Transcript

xxxx xxxxxxxx सुरक्षा केवल प्राथमिकता ही नहीं बल्कि कार्य करने का तरीका है। हमारे में ये सुरक्षा कार्य करने की शर्त है। हमारा यह विश्वास है कि जो भी व्यक्ति इस यूनिट के अंदर आता है वो सुरक्षित एवं संतुष्ट रूप से अपने घर को वापस जाएं। सुरक्षा के उच्च मानकों को बनाए रखने के लिए आपका सहयोग एवं पहल अत्यंत आवश्यक है।

कृपया निम्न बातों का पूर्ण रूप से पालन करें। फैक्टरी के अंदर आते समय सेक्युरिटी पूरा सहयोग दें। बीड़ी, सिगरेट, लाइटर, गुटखा इत्यादि लेकर फैक्टरी में ना आएं, इसे सेक्युरिटी पर ही जमा कराए। कंपनी के अंदर मोबाइल व कैमरे का इस्तेमाल करना मना है। आप इसे सेक्युरिटी पर जमा कराकर ही प्लांट में जाएं। फैक्टरी के अंदर गुटखा खाना अत्यंत हानिकारक हो सकता है। ये आप भूल से भी न करें। प्लांट में कई प्रकार के केमिकल एवं सोलवेंट इस्तेमाल किए जाते हैं, जो कि ज्वलनशील है। बीड़ी सिगरेट पीने से ही आग का बड़ा खतरा बन जाता है। ऐसा करना सभी की जान को खतरे में डाल सकता है। ये आप कतई  न करें। सुरक्षा हमारे घर से ही शुरू होती है। अगर घर के सभी सदस्य सुरक्षित हैं, तो हम सुरक्षित एवं खुश रहेंगे। घर से निकलते ही इस बात का हमेशा ख्याल रखें कि शाम को घर पर आपका कोई इंतजार कर रहा है। आपका परिवार आपको सुरक्षित एवं सकुशल देखकर जितना खुश होते है, वो शब्दों में नहीं बताया जा सकता।

सदैव याद रखें। एक भूल करे नुकसान, छीने रोज़ी-रोटी और मुस्कान। मानव का स्वभाव ही सुरक्षा या असुरक्षा का मूल कारण है। हम अपनी आदतों में सुधार लाकर अपने और अपने परिवार एवं कारखानों को सुरक्षित रख सकते हैं।

सुरक्षित आदतें हमारे जीवन को घटनाओं से बचाने में अहम भूमिका अदा करती है। अपनी आदतों में सुधार लाकर हम अपने रोज़मर्रा के जीवन को सुरक्षित  एवं अकस्मात दुर्घटना से मुक्त बना सकते हैं। प्लांट के अंदर या बाहर किसी भी प्रकार के लड़ाई झगड़े ना करे। कारखाने के अंदर गलत शब्दों का प्रयोग भी ना करें। सभी कर्मचारियों का सम्मान करें। सुरक्षा की शुरुआत स्वयं से करें और इसके लिए महत्वपूर्ण है कि हम स्वयं के बचाव के लिए सुरक्षा के सभी साधनों अर्थात् xxxxx का ध्यानपूर्वक इस्तेमाल करें। प्लांट में प्रवेश से पहले सुरक्षा चश्मा, सेफ्टी जूता एवं सुरक्षा हेलमेट पहनना अनिवार्य है। ये आपके सिर से पैर तक की सुरक्षा करते हैं। इसके साथ ही केमिकल या साल्वेंट के साथ काम करने से पहले दस्ताने पहनना हाथों की सुरक्षा के लिए जरूरी है।

आइये, आज हम प्राण करें कि हम अपनी आदतों में निम्न बातों का पालन करेंगे।

कारखाने के अंदर एवं कारखाने के बाहर सदैव उचित पीपीई का इस्तेमाल करूँगा। मैं सदैव सुरक्षा नियमों का पालन करूँगा एवं कोई शॉर्टकट नहीं लूँगा। जब कभी कोई चर्चा या कार्य शुरू करूँगा, तो सुरक्षा से शुरुआत करूँगा। अगर हमारा कोई साथी असुरक्षित कार्य कर रहा होगा, तो उसे सावधानीपूर्वक कार्य करने का सही तरीका बताने का प्रयास करूँगा।

सदैव याद रखें। काम के बाद, काम के साथ, आपकी सुरक्षा आपके हाथ।

FOR REPRESENTATION PURPOSE ONLY